तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 25 मार्च 2024


12 कार्यकर्ता सम्मेलन में बृजमोहन ने भरा ...



11 पलाश के फूल फागुन पर्व का दे रहे संदेश, प्रकृति की...





## खबर संक्षेप

### गुटखे से भरे गोदाम में जीएसटी टीम की दबिश

**भिलाई।** गुटखा के गोदाम में जीएसटी की टीम ने दबिश की कार्रवाई की है। जीएसटी के अधिकारी पहले पावर हाउस शास्त्री मार्केट स्थित ऑफिस में पहुंचे। इसके बाद शारदा पारा में स्थित गोडाउन में छापेमारी की गई। जानकारी के मुताबिक सीजी जीएसटी की टीम में आयुक्त से लेकर डिप्टी आयुक्त , जिले के अधिकारी मौजूद थे। शुक्रवार की शाम को सबसे पहले पावर हाउस शास्त्री मार्केट में स्थित ऋषिकांत मिश्रा के ओमिशा टेडर्स के ऑफिस में पहुंची। टीम ने यहां लगभग दो घंटे तक दस्तावेज खंगाली और स्टॉक का मिलान भी किया। स्टेट जीएसटी की एक टीम वहां से निकलकर उनके बड़े गोदाम में पहुंची। जहां ऋषिकांत मिश्रा ने शारदापारा में साहू लकड़ी टाल के पास तीन से चार बड़ी दुकानों को किराय में लेकर अपना गोदाम बनाया था। जीएसटी के अधिकारियों ने जब स्टॉक को देखा तो कई ट्रक माल भरा हुआ मिला था। यहां के स्टॉक रजिस्टर में काफी खामियां पाई गई।

### महाविद्यालयों के परीक्षा परिणाम की जांच की मांग

**भिलाई।** हेमचंद विश्वविद्यालय के अधीन विधि महाविद्यालयों के परिणाम मे हुई धांधली के चलते नाराज छात्रों ने राज्यपाल के नाम हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में परिणाम में हुए एकरूपता एवं एक ही विषय को लेकर सामान अंक विभिन्न महाविद्यालय में दिए जाने की जांच की मांग की गई है। विद्यार्थियों ने कहा है कि प्रथम, दितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र परिणामों को लेकर काफी निराशा है। यह स्थिति लगभग सभी विधि महाविद्यालय के परिणाम में देखी जा सकती है। छात्रों ने मनमाने ढंग से परीक्षा परिणाम की उत्तरपुस्तिकाओं को जानने का आरोप लगाया है। आश्चर्य यह है कि जिस राज्य में पीएसी के मामले क्यों लेकर घोटाले उजागर होते हैं और उसमें फिर दर्ज होती है।

### महुआ शराब बेचते कमार युवक पकड़ाया

**धमतरी।** अवैध महुआ कच्ची शराब बनाकर बेचने वाले आरोपी के खिलाफ मगरलोड पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी के पास से 10 लीटर वाली 4 जरीकेन में 40 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 6000 रूपये जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अवैध शराब पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में मगरलोड पुलिस ने ग्राम बोदलबाहरा, हाथादहरा नाला के पास केवल कुमार कमार पिता चंदर सिंह कमार निवासी ग्राम बोदलबाहरा थाना मगरलोड जिला धमतरी उम्र 21 वर्ष को अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा गया। उसके पास से 10 लीटर वाली 4 जरीकेन में 40 लीटर महुआ शराब कीमत 6000 रूपये जब्त की गई।

# छेड़खानी, दुष्कर्म जैसे मामलों से बच्चों को सुरक्षा प्रदान करता है पाक्सो कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने बताया कि पोक्सो एक्ट काफी गंभीर कानून है इस एक्ट के अंतर्गत विभिन्न कारवाई की जाती है। सीएसपी ने बताया कि मामलों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर सरकार ने वर्ष 2012 में एक विशेष कानून पॉक्सो एक्ट बनाया। इस कानून के तहत दोषी व्यक्ति को उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। यह कानून बच्चों को छेड़खानी, बलात्कार जैसे मामलों से सुरक्षा प्रदान करता है।

वर्ष 2018 में इस कानून में संशोधन किया गया, जिसके बाद 12 साल तक की बच्ची से दुष्कर्म के दोषियों को मौत की सजा देने का प्रावधान किया गया है। इसका फुल फॉर्म प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस' यानी पॉक्सो है। बच्चों के विरुद्ध गलत आचरण करने वाले लोगों के लिए इसमें कड़े दंड का प्रावधान है। सीएसपी ने बताया कि प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंस एक्ट 2012 को हिंदी में लैंगिक उत्पीड़न से बच्चों के संरक्षण का अधिनियम 2012 कहते हैं। इस एक्ट के तहत नाबालिग बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराध और छेड़छाड़ के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाती है। इसलिए यह एक्ट बच्चों को सेक्सुअल हैरेसमेंट, सेक्सुअल असॉल्ट और पोर्नोग्राफी जैसे गंभीर अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है।

## नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा ने लोगों को दी जानकारी

### छुपाएं नहीं, तत्काल पुलिस को दें जानकारी

बालकों से इस प्रकार की कोई भी घटना होने पर छुपाएं नहीं। तत्काल नजदीकी पुलिस थाने में इसकी रिपोर्ट करें। सावधान रहें सुरक्षित रहें, नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने कहा कि पूरी सावधानी के साथ रहे स्वयं के साथ-साथ परिवार को भी सुरक्षित रखें।



### लड़की व लड़के को समान सुरक्षा

दल्लीराजहरा सीएसपी चित्रा वर्मा ने कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों से किसी भी तरह का यौन व्यवहार इस कानून के दायरे में अपने आप आ जाता है। इससे यह कानून लड़के और लड़की को समान रूप से सुरक्षा प्रदान करता है। इस कानून के तहत पंजीकृत होने वाले मामलों की सुनवाई विशेष अदालत में होती है। 18 वर्ष से कम उम्र के बालक या बालिका को गलत नियत से छूना, पीछा करना, सेक्सुअल हरासमेंट, लैंगिग दुर्व्यवहार, दुष्कर्म, पोर्नोग्राफ़ी जैसे लैंगिग अपराधों से यह अधिनियम सुरक्षा प्रदान करता है।

## थाना प्रभारी ने कहा- ऐसे लोगों के झांसे में न आएं, पुलिस से करें शिकायत

# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी का खेल जोरों पर, पुलिस ने किया सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

खनिज नगरी दल्लीराजहरा सहित अंचल में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर भोले-भाले बेरोजगारों को खुलेआम लूटने का कारोबार चल रहा है। कुछ दिनों पूर्व सतीश उपाध्याय के अलावा और भी लोगों के खिलाफ में शासकीय नौकरी लगाने के नाम ठगी करने के खिलाफ में दल्ली राजहरा पुलिस ने धारा 420 सहित अन्य विभिन्न धाराओं के अंतर्गत गिरफ्तार किया था। अभी यह मामला शांत हुआ नहीं, कि और नए मामले सामने आने लगे हैं। जिला कलेक्टर, एसपी और विधायक तथा मंत्री के खास होने का दावा कर सरकारी नौकरी लगा दिए जाने के नाम पर ठगी होने लगी है। इस तरह के लोग किसी कार्यक्रम में अधिकारी-नेता के साथ अपनी फोटो दिखाकर उनके बीच अपनी पैठ दिखाकर बेरोजगारों को नौकरी लगाने का सब्जबाज दिखाकर ठगी करने में कामयाब हो जाते हैं।

इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि शिकायतों पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पीड़ति हो तो शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दल्लीराजहरा और आसपास गरीब जरूरतमंद बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखा देकर ठगी करने की शिकायत काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। बेरोजगारी का फायदा उठाकर रकम हड़पने के खेल के कारण अब तक कई बेरोजगारों को काफी नुकसान हो चुका है। वहीं, इस पैसा हड़पने के खेल में राजनीतिक दलों के तथाकथित नेताओं के शामिल होने की शिकायत लगातार मिल रही है। दल्लीराजहरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में सरकारी या बीएसपी जैसी बड़ी कंपनी सरकारी या बीएसपी जैसी बड़ी कंपनी में नौकरी दिलाने का वायदा कर जरूरतमंद बेरोजगारों को अपने जाल में फंसाने का धंधा काफी समय से हो रहा है। लोगों के पैसा ऐंठने के लिए कई शातिर किस्म के लोगों को गिरफ्तार किया था।




### हाल ही में पकड़ा गया था एक आरोपी

थाना प्रभारी ने कहा कि बीते दिनों ही सतीश उपाध्याय नामक व्यक्ति को ऐसी गड़बड़ी करते रंगे हाथ पकड़ा था। ऐसी धोखाधड़ी विभिन्न राजनीतिक पार्टियों दलों के तथाकथित नेताओं द्वारा किए जाने की शिकायत मिल रही थी। ऐसे ही एक मामले में पुलिस में भाजपा छात्र युवा मोर्चा के एक नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, उसके बाद से वह गायब है। वहीं, पीड़ति को उनका पैसा आज तक नहीं मिल पाया है।

### झांसे में न आएं, थाने में करें शिकायत

*अगर कोई व्यक्ति सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर राशि ले रहा है, तो उनकी बातों में न आएं और तत्काल प्रभाव से स्थानीय थाने में शिकायत करें। अवश्य कार्रवाई की जाएगी।*

**- चित्रा वर्मा,** नगर पुलिस अधीक्षक।

## मुख्यमंत्री का 28 को नगर आगमन



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का 28 मार्च को डौडीलोहारा आगमन होना तय हुआ है। वे कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में चुनाव प्रचार करने स्थानीय लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन कि तैयारी हेतु जिला पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारीगणों द्वारा हेलीपेड एव सभास्थल का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिया गया।

## पसौद में फाग गीत सम्मेलन 26 व 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

ग्राम पसौद में श्री कृष्ण फाग सम्मलेन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों क़े तत्वावधान में 26 एवं 27 मार्च को दो दिवसीय फाग गीत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

समिति क़े संचालक हरिराम साहू, अध्यक्ष ढालसिंह गौतम व सचिव सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि प्रथम दिवस तीन मंडली भाग लेंगी। इसमें जय माँ शताक्षी सेवा एवं फाग भजन मंडली, जगन्नाथपुर (बालोद) व जय माँ शारदा जस एवं फाग झांकी परिवार, परसाडीह (सुरेगांव) जय शिवशक्ति बालिका डांस ग्रुप पसौद एवं इसी क्रम में द्वितीय दिवस 5 मंडलियां भाग लेंगी। इनमें जय परमानंद जस एवं फाग झांकी परिवार, खपरी (भोथीपार) श्री कृष्ण सखा फाग झांकी मंडली, फरदफोड़ (भण्डेरा) जय श्री कृष्ण लोक सांस्कृतिक माँग के सिंदूर जस एवं फाग झांकी मंडली, महकाखुर्द जय भवानी शीतला फाग झांकी परिवार, देवतराई (बालोद) नव दुर्गा जस एवं फाग झांकी परिवार, नर्बदा (गुरूर) अपनी प्रस्तुति देंगी।

## फरदफोड़ स्कूल में हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शासकीय बालक प्राथमिक शाला फरदफोड़ में नेवता भोज के रूप में बच्चों को अंगूर, केला और विभिन्न पौष्टिक आहार फल का वितरण किया गया। पौष्टिक फल वितरण के बाद उपस्थित जनों ने कहा कि इस तरह का भोज, न्योता कार्यक्रम किए जाने से एक अपनापन भी महसूस होता है।

भोज बेदलाल सिंन्हा, डॉक्टर महेश यादव के द्वारा प्रदान किया गया। जिसमे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष फिरंगी निषाद, प्रधान पाठक पुष्पा तिवारी, शाला के शिक्षक लेखू राम साहू, जागेश्वर भंडारी, लोकेश सोनी, उमेश देवांगन, प्रतिभा देवांगन उपस्थित रहा प्रधान पाठक श्री तिवारी, शिक्षिका ने नेवता भोज के लिए धन्यवाद दिया।





## जैन साध्वियों का नगर में हुआ मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

श्रमणघीय जैन आचार्य डॉ. शिवमुनि जी मसा की आज्ञानुवर्तिनी महासतीजी डॉ. विजयश्रीजी म. सा.आर्या की सुशिष्या महासती प्रियदर्शनाश्रीजी म.सा.प्रियदा, तत्वज्ञ साधिका विचक्षणाश्रीजी म.सा.प्रज्ञा,स्वाध्याय साधिका सुकृतिश्रीजी म.सा.व संयम साधिका सुप्रज्ञप्तिश्रीजी म.सा.का शुक्रवार को सुबह 9 बजे नगर में मंगल प्रवेश हुआ।

नगर के जैन समुदाय के लोगों ने नगर की सीमा से साध्वी वृन्द की अगुवानी की व विभिन्न धार्मिक जयघोषों के साथ पद विहार में कदम से कदम मिलाते हुए नगर में मंगल प्रवेश कराया। साध्वी वृन्द नगर के जैन अर्चना भवन में विराजमान है। संघ के मिश्रीलाल लोढा ने बताया कि संघ की विनती के बाद आध्यात्मिक होली चातुर्मास हेतु साध्वी वृन्द का नगर में मंगल आगमन हुआ है। साध्वियों के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह साढ़े छह बजे प्रार्थना, साढ़े आठ से प्रवचन, दोपहर ढाई बजे से धार्मिक क्लास, सायंकाल प्रतिक्रमण व रात्रि आठ बजे से महिलाओं के लिए धर्म चर्चा का समय निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर महासती ने मंगल पाठ का श्रवण भी कराया। प्रवेश उपरांत जैन अर्चना भवन के सभागार में महासती प्रियदर्शनाश्रीजी ने नगर की व उपस्थित श्रद्धालुओं की श्रद्धा भक्ति की भूरी-भूरी अनुमोदना करते हुए कहा कि भगवान महावीर की वाणी अहिंसा का संदेश देती है। हम सब का कर्तव्य है कि अहिंसामय जीवन जीयें व औरों को भी अहिंसा का पाठ बताएं व अहिंसा मय जीवन हेतु प्रेरित करें।संघ की विनती व बड़े गुरुणी मसा के आदेश से नगर में आध्यात्मिक होली चातुर्मास हेतु मंगल आगमन हुआ है। इस आध्यात्मिक होली पर्व के सुअवसर पर ज्ञान ध्यान तप तपस्या आदि विभिन्न रंगों से अपनी आत्मा को रंग दे। रंगों का यह त्यौहार आध्यात्मिक दृष्टिकोण से तीर्थंकर भगवान के आध्यात्मिक संदेश हमे अपने जीवन को अंदर से रंगने का दिव्य संदेश देते हैं।भगवान की वाणी को जीवन के अंदर में उतारे निश्चित ही जीवन का कल्याण होगा। महासती विचक्षणाश्रीजी मसा ने भजन की प्रस्तुति के साथ आध्यात्मिक होली पर्व को आध्यात्मिक रंगों से रंगने व अधिक से अधिक त्याग तपस्या व ज्ञान ध्यान स्वाध्याय से जीवन को आलोकित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर छोटे बच्चे पर्व व प्रिशा ने खूबसूरत आध्यात्मिक प्रहसन की प्रस्तुति दी। अर्चना महिला मंडल ने आध्यात्मिक भजन के माध्यम से संघ की भावनाओं को रखा। गुंडरदेही संघ ने महासती वृंद के पावन सानिध्य में महावीर जयंती मनाने की विनती रखी।



## फर्नीचर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**भिलाई।** शुक्रवार देर रात अचानक फर्नीचर फैक्ट्री में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलने पर फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक रावणभाठा सुपेला स्थित बसंत विश्वकर्मा की प्लाईवुड फैक्ट्री में रात ढ़ाई बजे भीषण आग लग गई। आग से आसपास में रहने वाले लोग भी चपेट में आ सकते थे। लेकिन फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुचकर आग को पूरी तरह से बुझा दिया।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


## थोक बाजार में डेढ़ सौ रुपए किलो बिक रहा नीबू

# गर्मी बढ़ने के साथ नीबू की मांग और कीमत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

गर्मी बढ़ने के साथ ही दल्ली राजहरा में नींबू की कीमत तेजी से बढ़ गई है। वहीं, मांग बढ़ने के साथ ही उसकी कीमत में भी भारी उछाल आया है। दल्लीराजहरा की थोक मंडी में भाव प्रति किलोग्राम 140 से 150 रूपए और दल्लीराजहरा बाजार में प्रति किलोग्राम 160 रूपये है। थोक व्यापारियों का कहना है कि यह पहली बार हो रहा है, जब नींबू की कीमत में इतना उछाल आया है।

गौरतलब है कि मार्च की गर्मी के दिनों में नींबू की मांग और कीमत दोनों बढ़ जाती है। गर्मी में नींबू का उपयोग रसोई से लेकर शरबत, सलाद में भी किया जाता है। दल्लीराजहरा एवं डौंडी क्षेत्र सहित विभिन्न मुख्य मार्गों के किनारे इन दिनों गन्ना रस की बिक्री भी बड़े पैमाने पर हो रही है। अमूमन हर राहगीर गला तर करने गन्ना रस पी रहा है। गन्ने के रस में नींबू का रस मिलाया जाता है, जिससे वह और भी स्वादिष्ट और गुणकारी हो जाता है। लोग इसे काफी पसंद भी करते हैं, इस कारण भी नींबू की मांग बढ़ी है। इधर धूप तेज होने और गर्मी बढ़ने के कारण भी लोग पानी में नींबू काटकर निचोड़ कर पीते हैं। शरबत में भी इसका उपयोग होता है और कई लोग सब्जी व दाल में भी इसे डालकर सेवन करते हैं। अब तो सलाद में भी नींबू रखने का प्रचलन बढ़ा है।



### गर्मी में बहुत लाभकारी

गर्मी में नीबू काफी फायदेमंद होता है, इसलिए हर घर की रसोई में नींबू का उपयोग होता है। यही नहीं वर्तमान में तो नींबू इम्यूनिटी बढ़ाने वरदान साबित हो रहा है। संतरे में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है पर यहां काफी कम आवक के कारण लोगों को संतरा नहीं मिल रहा। लिहाजा लोग विटामिन सी के लिए नींबू का ही उपयोग कर रहे हैं इसलिए मांग और दाम दोनों एक साथ बढ़ गए हैं।


**संजीवनी**

राजनांदगांव का एकमात्र

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**स्पाईन विभाग**

डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी

MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)

- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

**हड्डी रोग विभाग**

डॉ. रितेश एन. भोस्कर

MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY

- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# मोदी-योगी और कार्टून पिचकारियों की बाजार में जमकर डिमांड

## होली बाजार में चढ़ा रंग, ग्राहकी उमड़ने से व्यापारी में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

होली पर्व को लेकर लोग पूरी तरह से शबाब में है। बाजार में पिचकारियों से लेकर रंग गुलाल और नंगाडों से दुकाने अटी पडी है। शनिचरी बाजार, इंदिरा मार्केट में इस बार तरह-तरह की नंगाडे जमकर बिक रही है, वही रंग गुलाल की खरीददारी के लिए जमकर ग्राहकी उमड रही है। बाजार में मोदी-योगी की पिचकारियों की जमकर डिमांड है। वही कार्टून पिचकारियां बच्चो को लुभा रही है।

शनिचरी बाजार में नंगाडे की खरीदी के लिए शहर से लेकर गांव तक लोग पहुंच रहे है। वही इंदिरा मार्केट, शनिचरी बाजार में दुकान सजकर तैयार हैं। पर्व के लिए पूजा सामग्री से लेकर रंग गुलाल खरीदने का क्रम शनिवार से ही दिखने लगा। ग्राहकी बढने के साथ ही इन दिनों बाजार में ट्रैफिक का दबाव भी बढने लगा है। जानकारी अनुसार आगामी पच्चीस मार्च को होली पर्व है, एक दिन पहले देर रात होलिका दहन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोरो पर चल रही है। कई सामाजिक संस्थानो ने भी फाग कार्यक्रम सहित होली मिलन समारोह के आयोजन में जूट गए हैं।

### दूसरे जिलों से आए नंगाड़े

शनिचरी बाजार में नंगाडा दुकान के संचालक ने बताया कि, उनके पास सौ से लेकर साढे तीन हजार रूपए तक मिट्टी के नंगाडे उपलब्ध है। शनिचारी बाजार में नांदगांव के चिचोली, ठेलकाडीह, डोंगरगढ और दुर्ग के अंडा, टेमरी और खुर्सुल से नंगाडा का दुकान लगाने लोग आए है। इन दिनों प्लास्टिक नंगाडे भी शहर में उपलब्ध है। आधुनिक नंगाडे ने भी इन दिनों बाजार में जगह बना ली है।



### कार्टून का मुखौटा कर रहा आकर्षित

इंदिरा मार्केट के दुकानदार तुलसी सिन्हा ने बताया कि, इस बार ग्राहकों के लिए बिना केमिकल के बने रंग के साथ गुलाल, अबीर, टी-शर्ट कुर्ते, पजामे के साथ होली के रंग में रंगने वाली टोपिया भी उपलब्ध है। इसके साथ ही स्प्रे कलर सहित कई प्रकार के अलग-अलग डिजाइनर मुखौटे भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। बच्चे दुकानों पर आकर्षित हो सके, इसके लिए छोटा भीम, मोटू पतलू व मिंकि माउस के नकाब सहित अन्य गुड्डे गुड़ियों के आकार में टोपियां स्प्रे कलर और छोटा भीम मुकुट की बाजार में बिक्री ज्यादा देखी जा रही है। बच्चे भी इसी मुकुट व स्प्रे कलर की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। बाजार में पिचकारियों की बात करें तो 5 रूपये से लेकर 500 तक की पिचकारी के साथ अलग-अलग रंग कपड़े के साथ होली खेलने के लिए हर्बल गुलाल भी उपलब्ध किए गए है।

## खबर संक्षेप



### लीड दिलाने वाले पार्षदों को 1 लाख की सम्मान राशि

**दुर्ग।** विगत दिनो आयोजित बाफना मंगलम के सम्मेलन में कार्यकर्ताओ को प्रोत्साहित करने वित्तमंत्री ओपी चौधरी, सांसद विजय बघेल व विधायक गजेंद्र यादव ने विधानसभा चुनाव में शहर के 60 वार्डो में अपने वार्ड से सर्वाधिक लीड दिलाने वाली गयानगर वार्ड 4 पार्षद लीना दिनेश देवांगन को मंच पर आमंत्रित कर सभी नेताओ ने पुष्पवर्षा से स्वागत करते हुए उन्हे 1 लाख की सम्मान राशि प्रदान किया। इसके अलावा पहली बार भाजपा को बढ़ाते दिलाने औद्योगिक नगर वार्ड 17 पार्षद देवनारायण चंद्राकर, बघेरा वार्ड 55 पार्षद कुमारी साहू, उरला वार्ड 57 छाया पार्षद पीलिया साहू सहित अन्य को 5–5 हजार की सम्मान राशि प्रदान किया गया। साथ ही प्रत्येक विधानसभा व लोकसभा चुनाव में विपरीत परिस्थितियों में भी वार्ड से लीड दिलाने वाले शंकर नगर वार्ड 10 पार्षद चंद्रशेखर चंद्राकर, सिंधिया नगर वार्ड 21 पार्षद अरुण सिंह, आमदी मंदिर वार्ड 24 पार्षद नरेश तेजवानी व कातुलबोर्ड वार्ड 59 पार्षद शिवेंद्र परिहार का भी 5–5 हजार नगद राशि भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये ने किया।

### रिटायर्ड ग्रामीण डाक सेवकों ने मांगा पेंशन

**दुर्ग।** रिटायर्ड ग्रामीण डाक सेवकों ने पेंशन की मांग की है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, संचार राज्यमंत्री देवू सिंह चौहान व सांसद विजय बघेल को पत्र भी प्रेषित किया है। रिटायर्ड ग्रामीण डाक सेवक धनेश राम हरमुख ने पत्र में कहा है कि भारतीय लोक शाखा डाकघर में ग्रामीण डाक सेवक, डाक वाहक व डाक वितरण के पद पर लगातार 40 वर्ष से अधिक सेवा प्रदान किया है। डाक सेवक 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। उनका कहना है कि 35-45 वर्ष से अधिक सेवा करने के पश्चात भी पेंशन नहीं मिलना कष्टदायक है। जीवनयापन करना, परिवार चलाना दुर्लभ है। सेवानिवृत्त डाक सेवकों ने सरकार से पेंशन देने की मांग की है।

### 25 को शुष्क दिवस घोषित

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने होली जिस दिन रंग खेला जाय पर मदिरा दुकानों के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च होली के अवसर पर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकाने एवं लायसंसी एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई पूर्णतः बंद रहेंगे।

### शहीद हेमू कलाणी जयंती मनी



**भिलाई।** श्रीराम सिंधी पंचायत, वैशाली नगर द्वारा शहीद हेमू कलाणी की जयंती पर विशेष आयोजन किया गया। शहीद हेमू कालाणी चौक पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पण करने के बाद मिष्ठान वितरण किया गया।

## रियल स्टेट : शनिवार को अवकाश के दिन भी होती रही रजिट्रियां

# मार्च में टारगेट पूरा करना चुनौती जमीन कारोबार 77 फीसदी पर थमा

## आगामी 31 मार्च के बाद नया कलेक्टर दर होगा लागू, इन्वेस्टरों की टिकी नजरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में रियल स्टेट कारोबार वित्तिय वर्ष के अंतिम पडाव में आकर थम गया है। विभाग को मार्च माह में सिर्फ 77 फीसदी ही राजस्व प्राप्त हुए है। लोकसभा चुनाव के बीच नकदी लाने लेजाने में लिमिट तय किए जाने से जिला पंजीयक के लिए चुनौती बढ गई है। बहरहाल इस वित्तिय वर्ष 360 करोड टारगेट में विभाग को सिर्फ 277 करोड का राजस्व प्राप्त हो सका है।

उल्लेखनीय हैं कि, वर्ष 2023-24 के लिए राज्य शासन द्वारा जिला पंजीयक विभाग को 360 करोड रूपए का टारगेट दिया गया था। जिसमें अब तक 77 फीसदी टारगेट मिला है। वर्तमान में रजिस्ट्री कम हो गई है। अमूमन देखा जाता है कि, मार्च के अंतिम पडाव में रजिस्ट्रियां बूम करती है। लेकिन इस बार रजिस्ट्री में तेजी नही आ रही है। हांलाकि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019 से लगातार कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट दी जा रही है। ऐसा माना जा रहा था कि, इस बार गाइड लाइन में छूट नही मिलेगी। वित्तिय वर्ष के अंत में भी तीस फीसदी छूट को लेकर लोगों का रूझान नही दिख रहा है।



### छूट को लेकर बना संशय

कांग्रेस के सत्ता में होने के बाद से वर्ष 2019 तक लगातार कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट मिल रही थी। लेकिन अब राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद लोगों में इस बात की चर्चा हैं कि, कही एक अप्रैल से छूट समाप्त न हो जाए। हांलाकि इसे लेकर अफसर भी कुछ नही कह पा रहे है। क्योंकि अब तक राज्य शासन द्वारा इस संबंध में फैसला नही लिया गया है। लेकिन माना जा रहा है कि, नए वित्तिय वर्ष में चुनाव निपटने तक छूट जारी रह सकते है।

### एक अप्रैल से नया दर होगा लागू

राज्य शासन द्वारा हर साल वित्तिय वर्ष के नए माह अप्रैल में कलेक्टर गाइड लाइन में जिला मूल्यांकन समिति द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार रेट निर्धारित करती है। इसी रेट के अनुसार जमीन खरीदने वालो को स्टांप शुल्क की राशि अदा करनी होती है। इस वित्तिय वर्ष 2024-25 में भी कलेक्टर गाइड नही बढाए जाने की उम्मीद है। बहरहाल कलेक्टर की अध्यक्षता वाली मूल्यांकन समिति द्वारा हर साल रेट बढाए जाने का प्रस्ताव भेजा जाता है। खैर अंतिम निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया जाएगा।

### अवकाश में भी खुल रहेगें दफ्तर

जिला पंजीयक पुष्पलता ध्रुवे ने बताया कि, राज्य शासन द्वारा मार्च माह में अवकाश के दिन भी दफ्तर खुला रखने के निर्देश दिए है। यानि अवकाश के दिन भी रजिस्ट्रियां होगी। उन्होने बताया कि, 24 और 25 मार्च को छोडकर 31 मार्च तक लगातार रजिस्ट्री होती रहेगी। इसके लिए राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी किए गए है। शनिवार को भी बडी संख्या में क्रेता व विक्रेता रजिस्ट्री कराने पहुंचे थे।

### निर्देश नहीं

इस वित्तिय वर्ष में भी तीस फीसदी छूट के संबंध में कोई निर्देश नही मिले है। वही कलेक्टर गाइड लाइन का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।
**-पुष्पलता धुर्वे,** जिला पंजीयक, दुर्ग

# नाराज एमआईसी मेंबर सहित आधा दर्जन पार्षद भाजपा में शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ऐन लोकसभा चुनाव के पहले नगरनिगम के एमआईसी मेंबर जयश्री जोशी सहित आधा दर्जन वर्तमान और पूर्व पार्षदों ने भाजपा का दामन थामकर कांग्रेस को जबरदस्त झटका दिया है।

■ ऐन लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस को बडा झटका

उल्लेखनीय हैं कि, विगत दिनों निगम के सामान्य सभा में एमआईसी मेंबर जयश्री जोशी ने अपने सत्ता सरकार पर सवाल उठाए थे। उन्होने सुनवाई नही होने पर भरे सभा में सामान्य प्रशासन विभाग को समाप्त करने की बात कही थी। उनकी नाराजगी भाजपा में शामिल होने कारण बना। दुर्ग नगर निगम सत्ताधारी कांग्रेस परिषद को झटका देते हुए महापौर धीरज बाकलीवाल के एमआईसी मेंबर व वार्ड 60 की कांग्रेस पार्षद जयश्री जोशी सहित आधा दर्जन पार्षदों व पूर्व पार्षदों ने बाफना मंगलम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचकर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी सांसद विजय बघेल, लोकसभा सह प्रभारी राजीव अग्रवाल, सह संयोजक प्रीतपाल बेलचंदन, जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा विधायक गजेंद्र यादव ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल होकर मोदी जी को फिर पीएम बनाने का संकल्प लिया।

### इन लोगों ने थामा भाजपा का दामन

जिन पार्षदों ने भाजपा प्रवेश किया, उनमें वार्ड 16 सिकोला बस्ती पार्षद खिलावन मटियारा, वार्ड 29 पार्षद बबिता यादव, वार्ड 35 गंजपारा बाबा रामदेव मंदिर वार्ड पार्षद इंद्राणी साहू, पूर्व पार्षद कुलेश्वर साहू, गुड्डू यादव, छाया पार्षद मासुख अली सहित 2 सौ से अधिक लोगो ने भाजपा प्रवेश किया।

### प्लेसमेंट और अनुकंपा से थी खफा

सामान्य प्रशासन विभाग की सदस्य जयश्री जोशी विगत दिनों सामान्य सभा में खुलकर अपने सत्ता के जिम्मेदारों पर उंगलियां उठाई थी। उन्होने कहा था कि, उनके बात नही सुनी जाती है। उन्होने करीब ब्यालिस मामले अनुकंपा के रूके होने पर नाराजगी जाहिर की थी। इसके आलावा प्लेसमेंट में मनमानी भर्ती का विरोध किया गया था। उनके साथ ही पार्षद श्रध्दा सोनी ने भी अनुकंपा नियुक्ति किए जाने की मांग रखी थी। हांलाकि जयश्री जोशी पहले भी भाजपा में रहते हुए पीडब्ल्यूडी जैसे पदों में आसीन रही है। जिसके चलते उनका झुकाव भाजपा की तरफ रहा है।

# युवा संघर्ष समिति ने शहादत दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

युवा संघर्ष समिति द्वारा 23 मार्च को शहीद दिवस पर शहीदे आजम भगत सिंह सुखदेव राजगुरु को सम्मानपूर्वक पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। युवा संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे ने बताया की 23 मार्च 1931 के दिन भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी। ये तीनों आजादी के गीत गाते और हंसते-मुस्कुराते देश के लिए शहीद हो गए थे। इन क्रांतिकारियों को डीएसपी जेपी सॉन्डर्स की हत्या के लिए फांसी हुई थी। लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिए तीनों पुलिस चीफ स्कॉट को मारना चाहते थे लेकिन गलती से सॉन्डर्स मारा गया। समिति के सदस्यों ने उनके विचारों को गांव व शहर तक फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में युवा संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे, आशीष शर्मा, शिवम, कमलेश सहित अन्य 20 लोग मौजूद रहे।



### एआईडीवाईओ व एआईडीएसओ ने किया याद



दुर्ग। युवा संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन एआईडीवाईओ व एआईडीएसओ द्वारा सुबह 10 बजे शहीद चौक दुर्ग में आजादी आंदोलन के क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की शहादत दिवस पर माल्यार्पण सभा का आयोजन किया गया। सभा की शुरुवात में संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा अमर शहीद क्रांतिकारियों के फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में छात्र संगठन एआईडीएसओ के राज्य उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने भी अपनी बात रखी।

# 25 वर्षों के संकल्पना की कार्यशाला में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कामधेनु विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट एवं सॉफ्ट स्किल्स डेवलपमेंट फॉर एंप्लॉयमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप कार्यशाला का आयोजन दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय में किया गया है।

कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन एवं निदेशक अनुसंधान सेवाऐं के तत्वाधान में विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित विभिन्न महाविद्यालय एवं इकाईयों में कार्यरत 40 सहायक तथा सह-प्राध्यापक के लिए नौ दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम 14 से 22 मार्च एवं विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट फॉर एंप्लॉयमेंट एवं एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर 16 से 17 मार्च को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्ष अतिथि वक्ता पूर्व प्राध्यापक, प्रमुख वैज्ञानिक, सलाहकार डॉ. के हनुमंत राव थे। अन्य प्रमुख अतिथि वक्ताओं में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, डॉ. हुलास पाठक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, डॉ. वीकेजे राव, डॉ. एमएम अनवर, डॉ. एस आंगड़ी, डॉ. तिर्मल रेड्डी, डॉ. एस अनवर उल हक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह ने प्राध्यापको को विषय से संबंधित नए अनुसंधान कार्य को प्राथमिकता देने की सलाह देते हुए तीन अलग-अलग सत्रों में विश्वविद्यालय द्वारा आगामी 25 वर्षों के लिए निर्धारित संकल्पना के बारे में जानकारी दी।

■ दो चरणों में किया गया कार्यशाला का आयोजन



### सर्वेश्रेष्ठ विवि चलाने किया आव्हान

कुलपति द्वारा कृषि उत्पादन आयुक्त के समक्ष विश्वविद्यालय के अनुसंधान, शिक्षण एवं विस्तार गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय को देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने हेतु आह्वान किया। निदेशक अनुसंधान सेवाऐं डॉ. जी. के. दत्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उनकी सेवा संबंधी नियमों,आचरण संहिता, कार्य व्यवहार आदि से संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी दी गई।

### प्रशिक्षण में दिए गए फीडबैक

प्रशिक्षकों एवं विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा प्रतिभागियों द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण का मूल्यांकन किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों से अनुसंधान प्रस्ताव भी तैयार करवाए गए प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में फीडबैक भी दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एस.के.तिवारी, निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ.जी.के.दत्ता, प्राध्यापक डॉ.धीरेंद्र भोंसले, डॉ. मंजू राय, डॉ. दुर्गा चौरसिया थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण करते हुए अपने संबोधन में कहा कि वैज्ञानिक/ शिक्षक एवं विद्यार्थी इस प्रशिक्षण से निश्चित ही लाभान्वित हुए होंगे। समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, वित्त अधिकारी, अधिष्ठातागण ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जीरो जलस्तर वाले देशों की दी जानकारी, पौधरोपण करने भी किया प्रेरित

# विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण करने का किया अह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खालसा महाविद्यालय में विश्व जल दिवस के अवसर पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जल ही जीवन है विषय पर डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा वंदन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात डॉ सुनीता बोकाड़े प्राचार्य खालसा महाविद्यालय द्वारा बीएड विद्यार्थियों को विश्व जल दिवस पर जल के महत्व को समझाते हुए जल के उपयोगिता एवं जल संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए अनिवार्य रूप से प्रति व्यक्ति वृक्षारोपण करने की सलाह दी। कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं जल की आपूर्ति हमारा स्वयं का उत्तरदायित्व है। मुख्य अतिथि डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही ने बताया कि ऋग्वेद काल से ही हमारे धार्मिक ग्रंथों में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को स्वीकार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मंच संचालन श्रीमती मनीषा वर्मा सहायक अध्यापक खालसा कॉलेज ने तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन इको क्लब की प्रभारी श्रीमती आभा शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

■ खालसा महाविद्यालय में हुआ अतिथि व्याख्यान




### जल संरक्षण व संवर्धन को रोचक ढंग से किया प्रस्तुत

आज के वर्तमान परिवेश में जल के संकट को देखते हुए डॉक्टर पाणिग्रही ने जल संकट के विभिन्न आंकड़े बताएं। जीरो जलस्तर वाले देश दक्षिण अफ्रीका के केपटाऊन शहर के बारे में बताया जिसे जीरो जल घोषित कर दिया गया है । हमारे देश में लातूर, चेन्नई, बंगलौर के जल संकट की गंभीरता को समझाते हुए उन्होंने जल के संरक्षण एवं संवर्धन की विभिन्न वीडियो को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया।

### सीएलडब्लूसी कार्यक्रम चलाए जाए

साथ ही रैन वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सरकार से अपील किया कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य में लोगों को सब्सिडी मिले तो अच्छा परिणाम आएगा । स्वच्छ भारत मिशन की तर्ज पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य को सफल बनाने इसे कम्यूनिटी से जोड़ें । सीएलडब्लूसी याने कम्यूनिटी लेड वाटर कंजर्वेशन कार्यक्रम चलाया जाय। राजनीतिक दलों से अनुरोध किया चुनाव घोषणा पत्र में जल संरक्षण एवं वन संवर्धन को शामिल करें । डॉ पाणिग्राही ने जल संरक्षण के लिए 3 आर याने रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल कांसेप्ट के बारे में बताया इससे हम अपने दैनंदिनी कार्यों में उपयोग कर पानी बचा सकते हैं।

# क्षय दिवस पर निकली जनजागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला क्षय नियंत्रण समिति जिला दुर्ग के तत्वाधान में जिला मुख्यालय में क्षय संबंधित विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जनजागरूकता रैली को रथ के साथ हरी झंडी दिखाकर जिला क्षय केंद्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग से पटेल चौक, पोलसाय पारा चौक होकर बस स्टैंड होते हुए कार्यालय वापस पहुंची, जहां पहुंचकर सामूहिक रूप से टीबी मुक्त जिला बनाए जाने हेतु शपथ लिया गया। रैली का उद्देश्य जन जन में क्षय रोग के प्रति जागरूकता को फैलाना एवं डर को खत्म करना था। सभी स्थानों पर जनमानस को क्षय रोग के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार शुक्ला के द्वारा टीबी के भेदभाव को खत्म करने एवं दुर्ग को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने शपथ दिलाई। इसके साथ ही प्रचार रथ को पूरे जिले में जन जागरूकता हेतु भेजा गया। दुर्ग जिले के 116 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया है।

■ प्रचार रथ द्वारा चलाया गया जन जागरूकता कार्यक्रम



# पलाश के फूल फागुन पर्व का दे रहे संदेश, प्रकृति की बढ़ी सुंदरता

## पलाश के फूल, पत्ते व लकड़ी स्वास्थ्य के लिए भी होते हैं बहुत महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद





ग्रामीण परिवेश में पलाश के फूलों की बहार से होलिकोत्सव आगाज का संदेश मिल रहा है। होली पर ग्रामीण इलाकों में पलाश के फूलों से पहले रंगों को तैयार किए जाता था। फागुन में पतझड़ के बाद खेत खलिहानों में सर्वत्र वीरानी छाई हुई है। अधिकतर वृक्ष सूखे दिखाई देते हैं। होली का आगाज दिलाने वाले पलाश के फूल देखकर ग्रामीण इलाकों में होली मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। पलाश के फूलों से शरबत व होली का प्राकृतिक रंग भी बनाया जाता था। इतना ही नहीं, इन फूलों के अर्क से औषधि भी तैयार की जाती है। वसंत ऋतु व होलिका पर्व के नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पलाश के फूल चारों ओर दिखाई देने लगे हैं। पेड़ों पर पलाश के फूलों की बहार छाई हुई है, जिससे वातावरण का सौंदर्य बढने लगा है। सेलूद सहित आसपास के गांवों के खेत खलिहान में कई जगह पलाश के पेड़ बड़े पैमाने पर देखे जा सकते हैं। सड़कों के किनारे लगे पलाश के पेड़ों पर आए फूलों ने रौनक बढ़ा दी है। पलाश के फूल, पत्ते व लकड़ी स्वास्थ्य के लिए भी काफी महत्वपूर्ण होते हैं, जिससे कई रोगों की दवाई बनाई जाती है। आमतौर पर वसंत ऋतु के समय में यह फूल खिलने लगते हैं। हिंदू धर्म का प्रकृति से गहरा नाता है। प्रकृति हमारे जीवन का एक जरूरी अंग है। इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हिंदू धर्म में पृथ्वी को देवी का रूप माना गया है। इसके अलावा पर्वत, नदी, जंगल, तालाब, वृक्ष, पशु-पक्षी आदि सभी को दैवीय कथाओं व पुराणों से जोड़कर देखा जाता है। हिन्दू धर्म के अधिकतर त्योहार या पर्व खगोलीय घटना, प्राकृतिक बदलाव, मौसम-परिवर्तन, सौर मास, चंद्रमास और नक्षत्र मास के महत्वपूर्ण दिनों और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े हैं। ये सभी बाते बताती हैं कि हिंदू धर्म में प्रकृति का एक विशेष स्थान है। प्राचीन काल में हर काम प्रकृति को ध्यान में रखकर ही किया जाता था। वहीं तुलसी, केले और पीपल जैसे पेड़ों को पूजनीय माना गया है। इन वृक्षों में भगवान का वास माना गया है। हमारी सबसे पौराणिक चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' में भी माना गया है कि हर बीमारी का इलाज प्रकृति में ही मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### इनोवा की ठोकर से वृद्ध की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही इनोवा कार ने एक को कुचलने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि इनोवा सीजी 04 एनपी 5566 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जूपिटर सवार सीजी 07 बीक्यू 0971 के चालक को चपेट में लिया। जूपिटर चालक साईं नगर सिकोलाभाठा दुर्ग निवासी निखिल वर्मा 65 वर्ष है। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना समृद्धि बाजार के सामने की है। मामले में पुलिस सीसी कैमरे में खंगाल रही है।

### होटल वत्स के कमरे में युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** होटल के कमरे में युवक ने पंखे के सहारे आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेशनल हाइवे के किनारे लगे होटल वत्स के कमरा नंबर 312 में मार्केट कमेटी सेज रील आटपाडी, सांगली महाराष्ट्र निवासी गोविंद तायाप्पा पवार रूका हुआ था। बिजनेस के मार्केट के सिलसिले में हमेशा गोविंद होटल वत्स में रूकता था। शनिवार की रात गोविंद का कमरे से कोई अपडेट नहीं होने पर होटल प्रबंधन ने कमरे के दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई आवाज नहीं आया। होटल प्रबंधन ने सुपेला पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंची टीम ने कमरे के दरवाजा को तोडकर भीतर प्रवेश किया, जहां सामने पंखे के सहारे फांसी का फंदा बनाकर गोविंद लटका मिला। मामले की जांच करने के बाद ही आत्महत्या का कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल सुपेला पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### भोथली गांव में 25 वर्ष से नहीं होती होलिका दहन

**निकुम।** विकासखंड दुर्ग के ग्राम भोथली में बीते 25 वर्ष से होलिका दहन नहीं किया जाता है, ग्रामीणों व ग्राम के दिव्यांग सरपंच सुरेश साहू ने कहा कि हमारे यहां होलिका दहन नहीं करते है, उन्होने कहा कि होलिका दहन पर लकडियों को जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है। इस दिन पेड़ ना जलाकर पौधे लगाने का संकल्प लेकर अच्छी पहल करे। वहीं होली सादगी और सहजता से खेलकर एकता का संदेश दें।

### अलग अलग प्रकरण में 970 गाड़ी चालकों के विरुद्ध कार्रवाई



**रायपुर।** होली त्योहार के मद्देनजर रायपुर पुलिस ने शनिवार को राजधानी रायपुर में गाड़ियों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। इस जांच के दौरान पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बिना नंबर के वाहन, काली फिल्म वाले चारपहिया वाहन, तीन सवारी सहित 970 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की। होली त्योहार में लोगों की सुरक्षा एवं शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर शहर में गाड़ियों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस ने शहर के 5 थाना क्षेत्र तेलीबांधा, खम्हारडीह, जयस्तंभ चौक, महोबा बाजार चौक एवं रायपुरा चौक पर जांच करते हुए एक हजार से अधिक दोपहिया एवं चारपहिया वाहन की जांच की। इस जांच में चारपहिया एवं दोपहिया वाहन में सवार कई लोग शराब पीये मिले, वहीं दोपहिया में तीन सवार लोग मिले। इसके अलावा कई चारपहिया वाहन में काली फिल्म लगी मिली। इस तरह अभियान के दौरान 970 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बीएसपी प्रीमियर लीग का आगाज 26 मार्च से

भिलाई। बीपीएल क्रिकेट मैच का आगाज 26 मार्च से होने वाली है। इसमें लगभग 150 खिलाड़ी भाग ले रहें हैं। सभी खिलाड़ियों में बीपीएल को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस लीग में कुल 8 फ्रेंचाइजी ने भाग लिया है।

## बीईओ से डीईओ बने जगदल्ले, बेटा सहायक जेल अधीक्षक, दामाद जेल अधीक्षक

# संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े तो सफलताएं जरूर मिलती है: डीईओ जगदल्ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम पंचायत जामगांव आर के पूर्व सरपंच सुनीता जगदाले का परिवार इन दिनों कामयाबी की बेतहरीन मंजिल की ओर कदम बढ़ा रहे हैं जिससे नगर में हर्ष व्याप्त है। टीआर जगदाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलहारी में प्राचार्य पद पर सेवारत रहे, बाद में वे विकास खंड शिक्षा अधिकारी बनकर पाटन में सेवा दिए और अब मार्च 2024 में टीआर जगदाले धमतरी में जिला शिक्षा अधिकारी बनकर पद भार ग्रहण किए। इनके पुत्र सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर का पूर्व छात्र पीयूष जगदाले कामयाबी की मंजिल की ओर कदम बढ़ाते हुए जगदलपुर में सहायक जेल अधीक्षक पद पर सेवारत हैं। इनके दामाद महेश देवदास जेल अधीक्षक हैं। इस प्रकार जामगाव आर का एक परिवार टारगेट युक्त मेहनत करते हुए सतत कामयाबी की ओर आगे बढ़ते हुए अन्य लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रभावी रोशनी दे रहे हैं।

### जामगांव आर और सरस्वती शिशु मंदिर में खुशी की लहर



### इन्होने दी बधाई

सेजस जामगांव आर प्राचार्य राजेश पिल्लई, सेजस बेलहारी प्राचार्य वाईके साहू, जागृति उच्चतर माध्यमिक बटरेल प्राचार्य टीके पिपरिया, संकुल समन्वयक रूपेश साहू, सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर व्यवस्थापक एके जैन, शासकीय कालेज समिति पूर्व अध्यक्ष नरेश केला, रूपेंद्र शुक्ला, कुम्हली स्कूल हेडमास्टर सीएल साहू, जामगांव आर शिक्षक जितेंद्र वर्मा, अनेश्वर चंद्राकर, सरपंच राजकुमार ठाकुर, उप सरपंच देवकी चंद्राकर, बेलहारी सरपंच जीतेश्वरी महमल्ला, उप सरपंच मनीष चंद्राकर आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

### मेहनत व बुलंद इरादो के साथ आगे बढ़े

संपर्क चर्चा में धमतरी डीईओ टीआर जगदाले ने कहा कि प्रतिभा गांव और शहर की मोहताज नहीं होती, प्रतिभा को टारगेट युक्त मेहनत की आवश्यकता होती है। संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े तो सफलताएं कदम चूमती है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिभाशाली होनहार लोगों को गरीबी भी शिकार नहीं बना सकती। होनहार तो हौसला बुलंद करते है और आसमा को मुठ्ठी में भरकर समाज के सामने इतिहास लिखने निकल पड़ते है। कामयाबी की मंजिल पाकर प्रेरणा स्त्रोत बन जाते हैं।

### जामगांव आर का बालक अमेरिका में है इंजीनियर

श्री जगदाले ने कहा कि जामगांव आर के जेठू बढ़ई का पुत्र गेवेंद्र साहू सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक जामगांव आर में 2005 में 12 वीं पास आउट होकर मेहनत के प्रति समर्पित हो गया तो इंजीनियर बनकर अमेरिका तक पहुंचने में कामयाबी प्राप्त किए हैं। गेवेन्द्र की एक बहन ड्रग इंस्पेक्टर है, दूसरी बहन बैंगलोर में सेवारत है। इसी विद्यालय से चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा जैन ने 12 वीं गणित में 98 और बायो में 96 प्रतिशत का मेरिट में इतिहास रचा और भी अनेकों होनहार बच्चे जामगांव आर की शान बढ़ाने में समर्पित मेहनत कर प्रेरणा स्त्रोत बने हैं।

## बच्चों ने घुघसीडीह स्कूल में जमकर खेला रंग गुलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

■ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घासीदास नगर घुघसीडीह स्कूल की शिक्षकों ने होली पर्व की दी जानकारी

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घासीदास नगर घुघसीडीह संकुल खोपली में होली पर्व के बारे में शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि होलिका दहन यानी बुराइयों का दहन किया जाता है। तत्पश्चात दूसरे दिन भाईचारा प्रेम व आस्था के साथ गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दिया जाता है एवं घर में बने विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया जाता है। इस प्रकार विचार व्यक्त के पश्चात शालेय बालक बालिकाओं के द्वारा आपस में रंग गुलाल खेला गया व सभी शिक्षकों को छात्र-छात्रा के द्वारा गुलाल लगाकर मुंह मीठा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस प्रकार हमारी संस्था के सभी शिक्षक व छात्र-छात्रा ने इस रंगों के पर्व होली को बड़े ही धूमधाम से मनाया जिसमें संस्था प्रमुख मोनिका राम, गीतांजलि चंद्राकर, गोवर्धन प्रसाद चंद्रवंशी, विजय लक्ष्मी चंद्राकर, मधुकांता कोर्राम एवं सफाई कर्मी इंदु बाई व रसोईया चंद्रिका बाई एवं तोसन बाई उपस्थित थे।

### तीन दिनों से नाली जाम, सड़क पर बहता रहा गंदा पानी

**रायपुर।** नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित आकाशवाणी चौक काली मंदिर से राजभवन जाने वाले मार्ग में नाली का गंदा पानी 3 दिनों तक मुख्य मार्ग की सड़क पर बहता रहा। इससे इस मार्ग में आने-जाने वाले लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। जन शिकायत के बाद जोन 4 अमले ने सफाई महकमे की टीम भेजकर जाम हुई नाली से कचरा निकालकर सफाई करवाई, तब कहीं जाकर लोगों को राहत मिली। रायपुर नगर निगम शहर की सफाई और गंदे पानी के निकास को लेकर गंभीर नहीं है। 3 दिनों से सिविल लाइन जैसे खास इलाके के मुख्य मार्ग की सड़क पर नाली का बदबूदार पानी बहता रहा, पर न तो जोन 4 कमिश्नरी ने सुध ली, न ही निगम मुख्यालय में बैठे अधिकारियों का ध्यान गया। इस बीच दोपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाने में खासी परेशानी आई। राहगीरों से लेकर आसपास के रहवासी भी इससे प्रभावित हुये।

# पूर्व क्रेडा सदस्य विजय ने दिया कांग्रेस सदस्यता से इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ पार्टी पर लगाया उपेक्षा का आरोप

कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पूर्व क्रेडा सदस्य विजय साहू ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। विजय साहू ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया। विजय साहू ने कांग्रेस पार्टी पर छोटे व कर्मठ कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का भी आरोप लगाया है। भिलाई में प्रेसवार्ता लेकर उन्होंने इसकी जानकारी दी है। साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ ही नहीं कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व भी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर रहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव से लेकर अभी लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस पार्टी ऐसे लोगों को उम्मीदवार बना रही है जो चुनाव हार गए। दुर्ग के बड़े नेताओं को दूसरी सीट से लड़ाकर स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही है। विजय साहू ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के रवैय्ये से परेशान हैं और सभी कांग्रेस पार्टी छोड़ना चाहते हैं। यही नहीं विजय साहू ने शीर्ष नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया है। विजय साहू ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा से धर्मराज वर्मा, राजेन्द्र सिंह यादव, प्रदीप शाह, साकेत कुशवाहा, आत्मो राऊत, पंकज वर्मा, परमजीत सिंह, गौरव कुमार पटले, सूरज सिंह, अमित वर्मा, नरेन्द्र साहू, मुकेश पासवान, अभिमान, उत्तम ठाकुर, परमजीत, सुरेन्द्र यादव, शंकर वासनिक, आदित्य सिंह राजपूत आदि कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। विजय साहू ने यह भी बताया कि वैशाली नगर से हजारों कार्यकर्ता इस्तीफा दे रहे हैं।

# पानी बचाने आत्मानंद स्कूल निकुम के विद्यार्थियों ने खेली सूखी होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम में होली पर्व पर बच्चो ने पारंपरिक ढंग से फूलों की होली खेली, जिसमे बच्चो ने राधा कृष्ण की वेशभूषा में फूलो से होली खेलकर संदेश दिय कि जल है तो कल है की थीम पर संकल्प लिया।

आधुनिकता की चकाचौंध में ना रहें सुखी व फूल से होली खेलकर रंग बिरंगे केमिकल रंग से बचे, वहीं होलिका दहन में लकड़ी ना जलाकर सिर्फ गोबर कंडे से होलिका दहन कर कर आपसी प्रेम भाईचारा के साथ रंग गुलाल खेले,वही प्राचार्य एके पांडे व मंजूलता देवागन ने बच्चो को होली की जानकारी दिया। इस आयोजन में स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम के 323 बच्चे ने संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक खुशबू मिश्रा, दिव्या पवार, साक्षी साहनी, महेश्वर साहू, मनदीप भाटिया, व्याख्याता जीएल बंजारे सहित स्टॉफ रहे। वहीं शिक्षक नेहा पिल्ले ने बच्चो को न्योता भोजन कराया।

## सिंटर संयंत्र-3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन

# लघु नाटक 'सुरक्षा घर से घर तक' का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

बीएसपी के सिंटर प्लांट-3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन विगत दिनों हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दास गुप्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्त द्वारा की गई।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक एवं प्रभारी एमआरके शरीफ, महाप्रबंधक एवं प्रभारी जागेंद्र कुमार सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।



विदित हो की 16 मार्च के दिन कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने इस सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया था। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं अन्य उच्च अधिकारियों ने भी सुरक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं इसकी सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें सर्वश्रेष्ठ कन्वेयर गैलरी, सर्वश्रेष्ठ टेक्नोल,जीकल बिल्डिंग, सर्वश्रेष्ठ एवं व्यवस्थित कक्ष, सर्वश्रेष्ठ जंक्शन हाउस, सर्वश्रेष्ठ टूल ब,क्स टाक, सर्वश्रेष्ठ ब्रिगेड नियर मिस की रिपोर्टिंग, पोस्टर, कविता, सेफ्टी स्टीवार्ड्स, सुरक्षा प्रदर्शनी इत्यादि के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान उपमहाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी राजेश देवांगन द्वारा लिखित एवं निर्देशित लघु नाटक 'सुरक्षा घर से घर तक' का प्रदर्शन किया गया।



**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा के लिए पंजीयन 27 मई तक

**रायपुर।** स्कूली बच्चों को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा 6वीं से 12वीं के स्कूली बच्चों के लिए वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा (एनएफएलएटी) आयोजित की जाती है, ताकि छात्रों को बुनियादी वित्तीय साक्षरता कौशल के बारे में जागरूक किया जा सके। स्कूलों के परीक्षा में भाग लेने के लिए पंजीयन 27 मई तक किया जाएगा। परीक्षा 31 मई तक आयोजित होगी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि राज्य के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों का राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में स्कूल पंजीकरण कराने के निर्देश जारी करें। स्कूलों के कम्प्यूटर लैब में परीक्षा पंजीयन के बाद प्राप्त तारीख पर परीक्षा आयोजित कराने के प्रबंधन के लिए प्राध्यापकों को निर्देशित किया गया है।

## विजय ने छोड़ी कांग्रेस

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी और क्रेडा के सदस्य रहे विजय साहू ने कांग्रेस छोड़ दी है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनके पार्टी छोड़ने के बाद उनके भाजपा में जाने की अटकलें तेज हो गयी हैं।

## आशीर्वाद भवन में आमसभा और स्थापना दिवस 5 को

**रायपुर।** सीनियर सिटीजन्स वेलफेयर फोरम द्वारा 5 अप्रैल को आमसभा और स्थापना दिवस मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 5 अप्रैल को सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन और पूजन किया जाएगा, साथ ही राष्ट्रगीत कार्यक्रम होगा। इसके बाद सदस्यों का पंजीयन, सचिव द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुतिकरण, कोषाध्यक्ष द्वारा बजट प्रस्तुतिकरण, मुख्य अतिथि का उद्बोधन एवं 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि अध्यक्ष का संबोधन एवं आभार, द्वितीय सत्र में सदस्यों के विचार-सुझाव, बजट पर चर्चा, शाम 5 बजे से सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस कार्यक्रम में फोरम के सचिव प्रकाश सुरावधनीवार सहित सभी सदस्य शामिल होंगे।

## घड़ी चौक में आज जलाएंगे कुरीतियों की होली

**रायपुर।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति द्वारा प्रदेश में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विभिन्न अंधविश्वास, भूत-प्रेत, टोनही प्रताड़ना, झाड़-फूंक, बलि प्रथा, नरबलि, जादू-टोना, डायन प्रताड़ना, छुआछूत, दहेज प्रथा, सती प्रथा, मद्यपान, सामाजिक बहिष्कार आदि कुरीतियों के प्रतीकात्मक दहन तथा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रायपुर में अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों का प्रतीकात्मक दहन 24 मार्च को शाम 5.30 बजे महाकोशल कला वीथिका परिसर नगर घड़ी चौक रायपुर में किया जाएगा।

## भविष्यनिधि सदस्य के लाभार्थी को ईडीएलआई और पेंशन भुगतान

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन अपने भविष्यनिधि सदस्यों व पेंशनरों को सहज, सरल, सुलभ एंव घर पहुंच सेवा प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर एवं समर्पित है, जिसका उदाहरण क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ने प्रस्तुत किया है। नियोक्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंडरिया में मृतक सदस्य स्व. मोतीलाल कौशिक, एनआरसी अटेडेंट के पद पर संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे, जिनकी आकस्मिक मृत्यु सेवाकाल में 27 जुलाई 2023 को हो गई थी, उनकी पत्नी की मृत्यु प्रसव के समय 10 दिसंबर 2022 को छह माह पूर्व ही हो चुकी थी। उनका एक ही पुत्र लुकेश कौशिक जिसका जन्म 2 दिसंबर 2022 को हुआ था, जिसका लालन-पालन वर्तमान में उसके दादा सुखदेव कौशिक द्वारा किया जा रहा है।

# पायलट ने असंतुष्टों को मनाने वरिष्ठ पदाधिकारियों को दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस में लोकसभा चुनाव के पूर्व असंतुष्टों को मनाने को लेकर प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस पार्टी में रूठों को मनाने वरिष्ठ नेता उनके घर जाएंगे। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बगावत व अंर्तकलह पर साफ कहा, चुनाव के पहले पार्टी के भीतर यह सब ठीक नहीं है। वरिष्ठ नेताओं को आगे आकर इसे रोकना होगा। रूठे हुए को मनाने से ही लोकसभा चुनाव में एकजुटता दिखेगी। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर टिप्पणी से लेकर लेटर बम दो ऐसे मामले रहे, जिसने कांग्रेस के भीतर हलचल पैदा कर दी है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट तक भी यह बात पहुंची, तो उन्होंने पार्टी के खास लोगों से पूरे मामले को समझा, जिसके बाद उन्होंने पदाधिकारियों को कहा, खुले मंचों पर कार्यकर्ताओं का इस तरह बयान पार्टी की छवि के लिए ठीक नहीं है। इसे रोकना होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने सभी लोकसभा क्षेत्रों के समन्वयकों की बैठक में पार्टी की चुनावी रणनीति पर विचार करते हुए कहा, हमें मोदी सरकार के 10 वर्ष की वादाखिलाफी के साथ कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए युवा, महिला, किसान, श्रमिक और अन्य वंचित वर्गों के लिए जो न्याय की घोषणा की है, उसको जनता के बीच ले जाना है।

## रूठों को मनाने वरिष्ठ नेता जाएंगे असंतुष्टों के घर

### पीसीसी ने जारी किया नोटिस

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पिछले दिनों में बयानों और लेटर बम को लेकर नोटिस जारी करते हुए संबंधित लोगों से जवाब मांगा है। अनुशासनहीनता मानते हुए इस तरह के बयानों को पार्टी प्रत्याशी की छवि खराब करने वाला माना गया है। मामले में सुरेंद्र वैष्णव और अरुण सिसोदिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जवाब आने के बाद कार्रवाई के बारे में विचार किया जाएगा।



### लोकसभा समन्वयकों को जिम्मेदारी

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने सभी लोकसभा क्षेत्रों के समन्वयकों से पदाधिकारियों के बीच समन्वय बनाकर असंतोष को ठीक करने कहा गया है। इसके अलावा लोकसभा क्षेत्र में बनाए गए प्रभारियों को भी इसे दूर करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान सभी को एकजुट कर पार्टी के मंच पर लाएं।

### कवासी लखमा ने कांग्रेस कार्यालय बनाने के नाम पर बेशकीमती सरकारी जमीन हड़पकर वहां दुकानें बनवा लीं

# भाजपा का आरोप- कांग्रेस ने आदिवासी बेटियों की जमीन हथियाकर उनका हक छीन लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी ने कहा, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और शिव डहरिया के मामले सामने आने के बाद अब कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री कवासी लखमा के भी सरकारी जमीन हथियाने के हुए ताजा खुलासे ने प्रदेश को इसलिए भी शर्मसार किया है, क्योंकि लखमा ने सत्ता और पद का दुरुपयोग कर कांग्रेस कार्यालय बनाने के नाम पर बेशकीमती सरकारी जमीन हड़पकर वहां दुकानें बनवा लीं और फिर उन दुकानों को औने-पौने दाम पर कांग्रेस नेताओं के हवाले कर दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, रामजी भारती और भरतलाल वर्मा ने कांग्रेस शासनकाल में मंत्रियों द्वारा सरकारी जमीनें हड़पने और भ्रष्टाचार के अब हो रहे नित-नए खुलासों को लेकर कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि पांच साल तक कांग्रेस के राज में जमीन माफियाओं ने जो अंधेरगर्दी मचाई थी, उसको संरक्षण इसीलिए मिल रहा था क्योंकि कांग्रेस सरकार के मंत्री ही खुद सरकारी जमीनें हथियाने की होड़ में लगे थे। भाजपा महामंत्रियों ने कहा, बस्तर संभाग के सुकमा जिले की कोंटा नगर पंचायत क्षेत्र में आदिम जाति कल्याण एवं विकास विभाग के कन्या छात्रावास की सरकारी जमीन पर पूर्व मंत्री लखमा के चहेते कांग्रेस नेताओं व पार्षदों ने कब्जा कर लिया। उसके बाद तत्कालीन मंत्री और वर्तमान कांग्रेस विधायक लखमा द्वारा उपलब्ध कराए गए सरकारी धन से कांग्रेस का कार्यालय बनवा लिया। यही नहीं इस तथाकथित कार्यालय के सामने वाले हिस्से पर चार दुकानें भी बनवा ली गईं। दुकानों के निर्माण के लिए भी सरकारी धन का उपयोग किया गया। भाजपा महामंत्रियों ने कहा, अगर मान भी लें कि कांग्रेस कार्यालय बनाने के लिए पार्टी फंड से राशि लगाई गई है, तो भी पार्टी फंड के दुरूपयोग का मामला तो बनता ही है क्योंकि जिन दुकानों को बनाने के लिए पांच-पांच लाख रुपए की लागत आई है, उन्हें तीन-तीन लाख रुपए में बेच जो दिया गया है। इस तथाकथित कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन स्वयं कवासी लखमा ने किया था।

## संजय बोले- उपयुक्त उम्मीदवार उतारने की स्थिति में नहीं कांग्रेस

*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ के कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के क्लीन स्वीप के दावे को हास्यास्पद बताया है। श्री श्रीवास्तव ने दावा किया कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में 11 सीटों पर उपयुक्त उम्मीदवार उतारने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस ने ले-देकर छह उम्मीदवार घोषित किए है, लेकिन उनका भी विरोध शुरु हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य उम्मीदवारों पर बाहरी होने के आरोप लग रहे हैं। बची हुई पांच सीटों में उम्मीदवार खड़े करने के लिए कांग्रेस को अपने नेताओं का मानमनौव्वल करना पड़ रहा है, क्योंकि वे सभी जानते हैं कि उनका चुनाव में हश्र क्या होना है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस का मुख्य एजेंडा देश को लूटना है। 70 वर्षों तक सत्ता में रहने के दौरान केवल लूटपाट मचाया। बड़ी घोषणाएं करके अब ये जैसे से भी हो सत्ता में वापस आना चाहते हैं लेकिन आम जनता इनकी बातों में आने वाली नहीं है। सच तो यह है कि कांग्रेस देश में अपने दम चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। तमाम विपक्षी दलों ने मिलकर जो इंडी गठबधन बनाया है, अभी उसका एजेंडा पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है। जो पार्टी पूरे देश में अपने दम पर चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है वह सत्ता में आने पर बड़े-बड़े वायदे कर रही है। कांग्रेस को अपना और गठबंधन का पिछला प्रदर्शन नहीं भूलना चाहिए। कांग्रेस पिछली बार 52 सीटों में सिमटकर रह गई थी, तो पूरा गठबंधन 92 सीटों के आगे नहीं बढ़ पाया था। इस बार तो हालात पिछली बार की तुलना में ज्यादा बुरे हैं। पार्टी बिखराव की स्थिति में हैं, देश भर से नेता पार्टी छोडकर जा रहे हैं, आचार संहिता लगने के बाद भी आधे उम्मीदवार तय नहीं हो पाए हैं। ऐसे में घोषणाओं के दम पर चुनाव जीतने का सपना देखना मुंगेरीलाल के हसीन सपने से ज्यादा कुछ नहीं है।*



# कार्यकर्ता सम्मेलन में बृजमोहन ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि न्यूज : रायपुर
कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने दक्षिण विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा रायपुर की जनता से इतना आत्मीय स्नेह और प्रगाढ़ संबंध है कि मैं इसे शब्दों में नहीं बयां कर सकता। पहले जब रायपुर दक्षिण विधानसभा के अलावा जब अन्य विधानसभाओं में जाता था तो जनता कहती थी कि आप हमारे अपने हैं और शायद यही कारण है कि नरेंद्र मोदी ने लोकसभा का टिकट दिया, जिससे मैं सिर्फ एक नहीं अपितु रायपुर लोकसभा की सभी 9 विधानसभा की जनता के हितों की रक्षा कर सकूं।

श्री अग्रवाल ने कहा, प्रदेश के विकास की एक-एक ईंट भाजपा सरकार ने रखी है। आप सभी जब जनता से पूछेंगे की यह निर्माण किसने करवाया तो उनका भी जवाब यही होगा की भाजपा ने बनाया, बृजमोहन, राजेश मूणत, अजय चंद्राकर ने बनाया तो उनके बीच जाकर हक से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की मांग करना है। श्री अग्रवाल ने कहा, विधानसभा चुनाव में जहां वोटिंग 62% हुई और 68 हजार से अधिक मतों से मुझे विधायक बनाया अब आप सभी को और अधिक मेहनत करके दक्षिण विधानसभा का वोट प्रतिशत 75% तक ले जाना है। रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी ने कहा, हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी सभी मोर्चा प्रकोष्ठ अपने-अपने मोर्चे से संबंधित वर्ग में समूह बनाकर डोर टू डोर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनहितों की योजनाओं से जनता को अवगत करवाएं। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाएं जिससे प्रदेश की जनता सीधा लाभान्वित हो रही उन सभी योजनाओं से अवगत कराएं। विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, रायपुर के विकास की हर ईंट में बृजमोहन अग्रवाल का योगदान दिखेगा, छत्तीसगढ़ को दशा दिशा निर्धारित करने में बृजमोहन अग्रणी रहे हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने कहा, भाजपा की विचारधारा समावेशी है।

## केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान समृद्ध और खुशहाल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर एमएसपी को कानूनी दर्जा मिलेगा। किसान आर्थिक रूप से सक्षम होगा, खुशहाल होगा।



बीते 10 वर्ष में मोदी सरकार ने किसानो की आमदनी दोगुनी करने उपज का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने जैसे वादों को पूरा नहीं किया है। बल्कि किसानों को कमजोर करने एवं पूंजीपतियों का गुलाम बनाने के लिए तीन काला कृषि कानून लाया, जिसका कांग्रेस ने पुरजोर विरोध किया था। भाजपा की नीति में किसान की समृद्धि खुशहाली नहीं है। किसानों के सुख समृद्धि के लिये 5 गारंटी देती है। कांग्रेस की सरकार बनने पर एमएसपी को कानूनी दर्ज़ा दिया जाएगा। इसके लिए संसद में एक विशेष कानून पारित किया जाएगा। स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के अनुसार एमएसपी तय की जाएगी। किसानों के ऋण माफ़ करने और आवश्यक ऋण माफ़ी की राशि निर्धारित कर एक स्थायी कृषि ऋण माफ़ी आयोग की स्थापना की जाएगी। किसानों के फ़सलों के नुक़सान होने पर 30 दिनों के भीतर सीधे बैंक खाते में गारंटीड भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना को फ़रि से डिज़ाइन किया जाएगा।

कांग्रेस कृषि उत्पादों के लिए एक आयात-निर्यात नीति बनाएगी। इसमें किसानों के हितों की रक्षा और चिंताएं सर्वोपरि होंगी। किसान जीएसटी मुक्त होंगे। कृषि में इस्तेमाल होने वाले सामानों पर टैक्स से छूट के लिए जीएसटी व्यवस्था में संशोधन किया जाएगा।

## साय बोले- पत्रकारों के साथ हुए उत्पीड़न के खिलाफ न्याय दिलाने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में बनेगी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, रंग, हर्ष और उल्लास के प्रतीक होली का पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का रंग लेकर आए। हर्ष और उल्लास के रंगों से भरपूर होली का पर्व एक दूसरे के प्रति प्रेम-भाव और सहयोग को प्रोत्साहित करने का पर्व है। पत्रकार जगत का हमें सहयोग मिलता रहा है, मैं इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

राजधानी रायपुर के मोतीबाग स्थित रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आपने अपनी निष्पक्ष पत्रकारिता से जनहितैषी मुद्दों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया है, जिसके लिए मैं आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। सीएम श्री साय ने कहा, पत्रकारों के साथ हुए उत्पीड़न के खिलाफ उनको न्याय दिलाने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाएगी, जिसमें पत्रकार भी शामिल रहेंगे।



■ रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय भी पत्रकारों के साथ होली के रंग में डूबे नजर आए। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए होली पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की।

**मोदी सरकार ने देश को धोखा दिया, भाजपा की मान्यता रद्द हो : बैज**

## इलेक्टोरल बांड में भाजपा ने चार तरीके से की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, इलेक्टोरल बांड घोटाले में भाजपा ने चार तरीके से घोटाला किया है। चंदा दो, धंधा लो यानी प्रीपेड रिश्वत, ठेका लो, रिश्वत दो यानी पोस्टपेड रिश्वत लिया। हफ़्ता वसूली यानी छापेमारी के बाद रिश्वत ली। फ़र्ज़ी कंपनियां यानी शेल कंपनियां से वसूली की। सुप्रीम कोर्ट की वजह से इलेक्टोरल बांड का डेटा सामने आने से इन सारे घोटाले जनता के सामने आ गये है।



उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने इलेक्टोरल बांड मामले में केन्द्र सरकार की विश्वसनीयता को दांव पर लगा दिया। केन्द्रीय एजेंसियों को वसूली एजेंट बनाकर रख दिया। मोदी सरकार का यह कदम देश के लोकतंत्र के लिये घातक है। घोटाले के लिये भाजपा का एकाउंट सीज किया जाये तथा उसकी मान्यता रद्द हो। उन्होंने कहा, चंदा दो, धंधा लो और ठेका लो, रिश्वत दो के तहत 38 ऐसे कॉर्पोरेट समूहों ने इलेक्टोरल बांड के माध्यम से चंदा दिया है। जिन्हें केंद्र या भाजपा की राज्य सरकारों से 179 प्रमुख ठेकों और प्रोजेक्ट क्लीयरेंस मिले हैं। बीजेपी को इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 2,004 करोड़ रुपए का चंदा देने के बदले इन कंपनियों को कुल मिलाकर 3.8 लाख करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट्स और प्रोजेक्ट्स मिले हैं। हफ़्ता वसूली में 41 कॉर्पोरेट समूहों को कुल 56 ईडी/सीबीआई/आईटी छापों का सामना करना पड़ा। इन सभी ने 2,592 करोड़ रुपए बीजेपी को दिए हैं। इनमें से 1,853 करोड़ रुपए छापेमारी के बाद दिए गए हैं।

### चंदा दो, धंधा लो

बीजेपी को कुल मिलाकर 551 करोड़ रुपए का चंदा मिला और 3 महीने के भीतर 1.32 लाख करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट/प्रोजेक्ट्स की स्वीकृति केंद्र या भाजपा की राज्य सरकारों द्वारा दिए गए हैं। ठेका लो, रिश्वत दो (पोस्टपेड रिश्वत) पहले केंद्र या भाजपा की राज्य सरकारों द्वारा 62,000 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट/प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए और 3 महीने के भीतर उसके बदले 580 करोड़ रुपए इलेक्टोरल बांड के रूप में भाजपा को दी गई।

### सेल कंपनिया से 419 करोड़

उन्होंने कहा, फ़र्ज़ी कंपनी फ़र्ज़ी कंपनियों द्वारा दिए गए कुल 543 करोड़ में से 16 शेल कंपनियों ने बीजेपी को 419 करोड़ का चंदा दिया। इनमें मनी लॉन्ड्रिंग के लिए वित्त मंत्रालय की उच्च जोखिम वाली निगरानी सूची में शामिल कंपनियां, अपने गठन के कुछ महीनों के भीतर करोड़ों का दान देने वाली कंपनियां और अपने पेड-अप कैपिटल के कई गुना दान करने वाली कंपनियां शामिल थीं।

# बस्तर संसदीय क्षेत्र में मतदान का समय निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के अंतर्गत प्रथम चरण में 19 अप्रैल को बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा,बीजापुर एवं कोंटा में 19 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 से सायंकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

## बस्तर फाइटर्स के घायल जवानों को 15-15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि




भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चुनाव कार्य में नियोजित बस्तर फाइटर्स के दो जवानों के चुनाव कार्य के दौरान नक्सल वारदात में घायल होने पर छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार 15-15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

### 22 मार्च को हुई थी घटना

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि लोकसभा चुनाव के अंतर्गत प्रथम चरण के निर्वाचन पूर्व बस्तर लोकसभा क्षेत्र के बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स एवं सीआरपीएफ सुरक्षाबलों द्वारा संयुक्त रूप से सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। 22 मार्च को थाना अरनपुर एवं सरहदी जिला सुकमा के थाना जगरगुण्डा तथा जिला बीजापुर के थाना गंगालुर क्षेत्र में संयुक्त नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के 2 आरक्षक घायल हुए हैं। दोनों आरक्षकों को जगरगुण्डा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर किया गया है।




